चितरंगी क्षेत्र में ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश

खलिहानों में रखी दलहनी एवं तिलहनी समेत गेहूँ-जौ के फसलों को भारी नुकसान होने का अनुमान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 अप्रैल। आज बुधवार की अल सुबह से ही आसमान में बादल मड़रा रहे थे। 9 बजे से समूचे ऊर्जाधानी में रिमझिम बारिश शुरू हुई और शाम के वक्त चितरंगी इलाके में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। इस बेमौसम बारिश से अन्नदाताओं में हाय-तौबा मच गई है।

दरअसल मौसम विभाग पूर्व से ही अलर्ट जारी किया था कि सिंगरौली जिले में भी बारिश होगी। आज सुबह समूचे ऊर्जाधानी में बूंदाबांदी हुई। मोरवा इलाके समेत सभी इलाको में बूंदाबांदी का असर तेज दिखा। वहीं दोपहर के वक्त सूर्य देवता के दर्शन हुये, लेकिन शाम के वक्त फिर से मौसम

खराब हुआ और बैढ़न के गनियारी, देवरा, बलियरी समेत अन्य कई स्थानों में रिमझिम बारिश करीब 15 मिनट तक होती रही। इसके बाद चितरंगी तहसील मुख्यालय से लेकर सोनतीर इलाका फुलकेस, गांगी, खैरा, पोड़ी, नौडिहवा, देवगांव, मानिकपुर, विजयपुर, नदनी, बरहट, धरौली, बर्दी, कोरसर समेत तमाम गांवों में तेज बारिश शाम 6:30 बजे से शुरू हुई और करीब 1 घंटे तक बारिश होती रही। इस दौरान चितरंगी मुख्यालय समेत आसपास के गांवों में बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। ओले का करीब एक-दो ग्राम के आकार के बराबर गिरे हैं। इस बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों में हाय-तौबा मच गई है। कई किसानों ने बताया है कि करीब 40 प्रतिशत किसानों ने फसले दलहनी व तिलहनी समेत गेहूँ व जौ फसलों को काटकर खलिहानों में पहुंचा दिया गया था और फसलें खेतों में कट कर समेटने के लिए रखी गई थी। किंतु इस बेमौसम बारिश ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। ऐसे हालात में अब अन्नदाता अपना-अपना माथा पिटने लगे हैं। हालांकि इस मामले में अभी जिला प्रशासन द्वारा कोई अधिकृत जानकारी नही दी गई है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में बारिश ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जुलाई अगस्त महीने में लगातार बारिश से धान फसलों को नुकसान हुआ था, लेकिन प्रशासन ने फूटी कौड़ी भी नही दिया था।

जगह-जगह गड्ढों एवं खेतो में भरा पानी

आलम यह था कि चितरंगी के दर्जनों गांवों में हुई बेमौसम बारिश से जहां दलहनी एवं तिलहनी समेत अन्य फसलों को भारी नुकसान होने का अनदेशा जताया जा रहा है और इस बेमौसम बारिश से खेतों के साथ-साथ सड़को के गड्ढों में भी पानी भर गया। वहीं बारिश के बाद तापमान में भारी गिरावट आई है। मौसम सुहाना हो गया है, लेकिन किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे खिंच गई हैं। उन्हें अब इस बात की चिंता सता रही हैं कि यदि मौसम नही खुला, आसमान साफ नही हुआ तो फसले जो कट कर खेतों में रखी हैं, वे सड़ सकती हैं। इसी बात को लेकर अन्नदाताओं की परेशानियां बढ़ गई है। कई किसानों ने यहां तक कहा कि प्रदेश सरकार से सहायता की उम्मीद भी नही की जा सकती है। सरकार की यही रिपोर्ट रहेगी कि 25 प्रतिशत से कम फसले नुकसान हुई हैं। सरकार भले ही किसानों की हिमायती बनती हो, लेकिन धरातल पर कुछ और है।

आसमान में एक साथ दिखे दो इन्द्रधनुष

आज बुधवार की शाम करीब 4:20 बजे बैढ़न के पूर्व दिशा में आसमान में प्रकृति का बेहद मनमोहक और दुर्लभ दृश्य देखने को मिला। एक ही समय में सात रंगों से सजे दो अलग-अलग इंद्रधनुष आसमान में उभर आए, जिसने लोगों को आश्चर्य और उत्साह से भर दिया। इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए लोग अपने घरों, दुकानों और सड़कों पर रुक गए और लंबे समय तक आसमान की ओर निहारते रहे। बारिश की हल्की फुहारें और बादलों के बीच सूरज की किरणें पड़ते ही आसमान में लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी और बैंगनी रंगों की खूबसूरत छटा बिखर गई। खास बात यह रही कि एक मुख्य इंद्रधनुष के साथ उसके ऊपर दूसरा हल्का इंद्रधनुष भी स्पष्ट दिखाई दिया, जो लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना रहा। स्थानीय लोगों ने इसे प्रकृति का अनुपम उपहार बताया।

आदिवासी के खलिहान में आग से फसलें एवं बाईक स्वाहा

चिनगी टोला गांव की घटना, बैगा परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 अप्रैल। जिले के बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत चिनगी टोला गांव में एक बेहद दर्दनाक आगजनी की घटना सामने आई है, जिसने एक आदिवासी किसान के पूरे परिवार को संकट में डाल दिया है।

अज्ञात लोगों द्वारा लगाई गई आग में किसान दोषी प्रसाद बैगा की खलिहान में रखी पूरी फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार अचानक लगी आग ने कुछ ही मिनटों में सब कुछ तबाह कर दिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास में स्थित किसान के घर और खड़ी मोटरसाइकिल को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे भारी नुकसान हुआ। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग, आदिवासी समुदाय के सदस्य और ग्राम पंचायत के उप सरपंच मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक खलिहान में रखी पूरी फसल जल चुकी थी।

एक नजर में

कपुरदेई के बिगड़े हैंडपंपों का सुधार करने का किया दावा

सिंगरौली। पीएचई के कार्यपालन यंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि मुनगहवा टोला में स्थित हैंडपंप खराब हो गया था, जिससे स्थानीय लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। नवभारत समाचार पत्र के माध्यम से जैसे ही विभाग को इस समस्या की जानकारी मिली, तत्काल एक तकनीकी टीम द्वारा त्वरित मरम्मत कार्य करते हुए हैंडपंप को सुधारकर पुनः चालू कर दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि ग्राम कपुरदेई में कुल 80 हैंडपंप स्थापित हैं, जिनमें से 76 वर्तमान में चालू स्थिति में हैं।

चार्जिंग के दौरान धू-धूकर जल उठी स्कूटी

सिंगरौली। कोतवाली बैढ़न के चन्द कदम दूर एक इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी को चार्जिंग के दौरान अचानक धू-धूकर जल उठी। दुकानदार एवं स्थानीय जन आग पर जब तक काबू पाते, तब तक में आग नियंत्रण के बाहर हो चुकी थी। बताया जाता है कि आग शॉट सर्किट के कारण यह घटना घटित हुई है। हालांकि इसमें जन हानि नही हुई है, लेकिन स्कूटी पूरी तरह से जल कर खाक हो गई है।

स्कूलों में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान संचालित

सिंगरौली। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शास. विद्यालयों में एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

शिक्षकों ने सेवा अवधि गणना को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा

संगठन पदाधिकारियों ने शीघ्र आदेश जारी करने की मांग की

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 अप्रैल। सिंगरौली में आध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा टीईटी वर्ग के शिक्षकों की सेवा अवधि गणना को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से की जाए, ताकि उन्हें वरिष्ठता, क्रमोन्नति, वेतनवृद्धि तथा अन्य वैधानिक लाभ समय पर मिल सकें। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2011 से 2014 के बीच नियुक्त शिक्षकों के मामले में न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के बाद टीईटी शिक्षकों के हित में आदेश जारी किया जाना आवश्यक है। शिक्षकों का कहना है कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 2 जनवरी को जारी आदेश के बाद भी उनकी सेवा अवधि की गणना में विसंगति बनी हुई है। इसी कारण कई शिक्षक वैधानिक लाभों से वंचित हैं। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि सेवा अवधि की गणना मूल नियुक्ति दिनांक से की जाए, जिससे शिक्षकों को अवकाश नकदीकरण, पदोन्नति, क्रमोन्नति और अन्य सेवा लाभों में किसी प्रकार की बाधा न आए। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के प्रमुख रूप से केके द्विवेदी, रमेश प्रसाद पाण्डेय, समारू प्रसाद, अरूण चतुर्वेदी, महेन्द्र द्विवेदी, देवेन्द्र पनाड़िया, अजय सिंह चौहान, अध्यक्ष म.प्र. अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा समेत अन्य शामिल रहे। इस दौरान शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की है। डिप्टी कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा है।

नगर परिषद सरई सीएमओ के खिलाफ शुरू हुआ जमकर विरोध

नगर परिषद के वार्डों में साफ-सफाई समेत गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य कराए जाने सहित अन्य समस्याएं

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 अप्रैल। सरई नगर परिषद क्षेत्र में बीते दिन मंगलवार को मिक्सर मशीन की चपेट में आने से युवक राजेश मिश्रा की मौत के बाद वार्डवासियों और मृतक परिजनों में भारी आक्रोश देखने को मिला। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मृतक का शव थाने के सामने रखकर जोरदार प्रदर्शन किया और नगर परिषद के सीएमओ तथा उपयंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि वाहन चालक के साथ-

साथ नप के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि सरई नप के विभिन्न वार्डों में जो निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, उनमें अधिकांश कार्य गुणवत्ताहीन हैं। लोगों का कहना है कि सीएमओ और उपयंत्री की कथित मिलीभगत से ठेकेदार घटिया निर्माण कार्य करा रहे हैं। कई वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि सड़कों, नालियों और अन्य विकास कार्यों में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते पहले से ही क्षेत्र में नाराजगी बनी हुई थी। प्रदर्शन कर रहे लोगों का यह भी आरोप है कि राजेश मिश्रा इन कथित घटिया निर्माण कार्यों का विरोध कर रहे थे। स्थानीय जनों के अनुसार गुणवत्ताविहीन कार्य का विरोध करना राजेश को भारी पड़ गया। इन्ही सब मुद्दों को लेकर वार्डवासी सीएमओ के खिलाफ लोगों में गुस्सा भी जमकर दिखाई दी।

आमजनों से नही मिलते सीएमओ

वार्डवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद सीएमओ और उपयंत्री कभी स्थल निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचते और आम लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं। लोगों का कहना है कि यदि कोई नागरिक अपनी शिकायत लेकर कार्यालय जाता है तो उसकी भी उपेक्षा की जाती है। घटना के बाद नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ लोगों का आक्रोश और तेज हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि जब तक सीएमओ को पद से हटाकर निष्पक्ष जांच नहीं कराई जाए और इन्हें हटाने की मांग तेज पकड़ लिया है। फिलहाल नगर परिषद सरई के सीएमओ को लेकर आमजन मुखर होने लगे हैं। वहीं इस मामले को लेकर माहौल लगातार गरमाया हुआ है।

भगवती मानव कल्याण संगठन ने नशीला पदार्थ के खिलाफ खोला मोर्चा

बगदरा क्षेत्र में अवैध शराब व गांजा बिक्री जोरों पर

नवभारत न्यूज

चितरंगी 8 अप्रैल। चौकी बगदरा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित शराब एवं गांजा की बिक्री के विरोध में भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने कड़ा रुख अपनाया है।

संगठन के सदस्यों ने एसपी के नाम चौकी प्रभारी बगदरा को ज्ञापन सौंपकर इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में अवैध शराब एवं गांजा का कारोबार तेजी से फैल रहा

है। आरोप है कि कुछ शराब ठेकेदार वैध लाइसेंस का दुरुपयोग करते हुए किराना दुकानों, गुमटियों एवं अन्य स्थानों पर अवैध रूप से शराब की सप्लाई कर रहे हैं, जिससे नशे का प्रसार बढ़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इस अवैध गतिविधि के कारण क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है तथा सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है। विशेष रूप से युवा वर्ग और स्कूली बच्चे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। वहीं महिलाओं की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

इटार और मझिगवां में कलस्टर का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

देवसर 8 अप्रैल। आज बुधवार को ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समितियों एक दिवसीय अभिसरण एवं जुड़ाव प्रशिक्षण कार्यक्रम इटार और मझिगवां क्लस्टर का आयोजन जपं देवसर के मंगल भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन करते हुये कहा कि जल जीवन मिशन संबंधित जानकारी प्रदान कर योजना को सफल और बेहतर प्रबंधन के लिए अपने क्षेत्र में पंचायत के सरपंच और सचिव का महत्वपूर्ण योगदान अतिआवश्यक है।

एक स्वस्थ कर्मचारी ही संगठन की प्रगति का सशक्त आधार होता है : संदीप

एनटीपीसी में मुख्य महाप्रबंधक का दौरा, मानव संसाधन एवं सीएसआर गतिविधियों की व्यापक समीक्षा

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 8 अप्रैल। सूर्य नारायण पाणिग्राही मुख्य महाप्रबंधक, उत्तरी एवं दक्षिणी क्षेत्र, एनटीपीसी लिमिटेड ने एनटीपीसी सिंगरौली का औपचारिक दौरा किया।

इस अवसर पर उन्होंने मानव संसाधन तथा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित विविध गतिविधियों की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की। अपने दौरे के दौरान श्री पाणिग्राही ने प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में मानव संसाधन

अधिकारियों के साथ संवाद स्थापित कर संगठन की मानव संसाधन नीतियों, कर्मचारी कल्याण योजनाओं, प्रशिक्षण एवं विकास पहलों तथा कार्य-संस्कृति से जुड़े विभिन्न आयामों का समग्र मूल्यांकन किया। उन्होंने विभिन्न समीक्षा बैठकों में वर्तमान व्यवस्थाओं की प्रगति का अवलोकन करते हुए उन्हें और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप नायक परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। एक स्वस्थ कर्मचारी ही संगठन की प्रगति का सशक्त आधार होता है। वहीं विशिष्ट अतिथि श्री पाणिग्राही ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ जीवनशैली केवल व्यक्तिगत आवश्यकता नहीं, बल्कि संगठनात्मक सफलता का भी आधार है।

कॉलेज के पास से 161 घन मीटर अवैध रेत जब्त

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 अप्रैल। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज बुधवार को खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। खनि निरीक्षक अशोक मिश्रा, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम जियावन स्थित शासकीय कॉलेज के पास शासकीय भूमि पर अवैध रूप से भंडारित रेत पर छापामार कार्रवाई की। संयुक्त जांच के दौरान मौके से लगभग 161

घन मीटर लावारिस रेत बरामद कर जप्त की गई। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि रेत का भंडारण बिना वैध अनुमति के शासकीय भूमि पर किया गया था, जो खनिज नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। टीम ने मौके पर तत्काल पंचनामा तैयार करते हुए जप्त रेत को नियमानुसार रेत ठेकेदार की सुपुर्दगी में सौंप दिया। प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई को अवैध रेत कारोबार पर बड़ी चोट माना जा रहा है। जिले में लगातार हो रही ऐसी सख्त कार्रवाइयों से अवैध उत्खनन और भंडारण करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रकरण में खनिज नियमों के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

शिक्षक ने अपनी मांगों को लेकर शुरू किया अनशन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 अप्रैल। जिले के शिक्षा विभाग में उत्पीड़न के खिलाफ अब एक शिक्षक ने आर-पार की लड़ाई छेड़ दी है।

चितरंगी विकासखंड अंतर्गत शाउमावि सूदा में पदस्थ मा.शिक्षक धर्मराज तिवारी आज बुधवार की दोपहर से कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार पर जल त्याग कर आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे अनशन स्थल पर ही अपने प्राण त्याग देंगे। शिक्षक श्री तिवारी के अनुसार उन्होंने अब तक 39 बार लिखित शिकायतें विभिन्न प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों को सौंपी हैं। इन शिकायतों के साथ उन्होंने 242 पन्नों के दस्तावेज, ऑडियो एवं वीडियो साक्ष्य भी प्रस्तुत किए, लेकिन इसके बावजूद न तो निष्पक्ष जांच शुरू की गई और न ही किसी दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हुई। वहीं 21 जनवरी 2025 को किया गया उनका निलंबन पूरी तरह पूर्वाग्रह से ग्रसित और सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। उनका आरोप है कि विभागीय भ्रष्टाचार को उजागर करने के कारण उन्हें झूठे एवं कूटरचित आरोपों में फंसाकर प्रताड़ित किया गया।

गड़ेरिया व हरैया विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति रही नगण्य, तीन शिक्षक भी रहे नदारत

जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, मध्यान्ह भोजन का भी किया अवलोकन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 अप्रैल। डीईओ ने आज दिन बुधवार को कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर बैढ़न व चितरंगी विकासखण्ड के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कुछ शिक्षक बिना सूचना के गैरहाजिर मिले और कई दो विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति न्यून रही है।

डीईओ एसबी सिंह ने सबसे पहले शापूमावि परसौना में प्रातः 11:10 पर निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित एवं संचालित पाई गई और गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए निर्देशित किया। शापूमावि हरैया के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कुल दर्ज 185 में मात्र 35 छात्र उपस्थित मिले। उपस्थिति न्यून पाये जाने पर संबंधित प्रधानाध्यापक को फटकार लगाई गई। विद्यालय के 1 शिक्षक गोविन्द प्रसाद पनिका गैरहाजिर मिले। शाउमावि गड़ेरिया के निरीक्षण के दौरान प्रमोद कुमार मिश्रा, उमाशि एवं सुमन तिवारी, माशि अनुपस्थित पाई गई। विद्यालय में कुल 518 छात्र दर्ज हैं,

जिसमें मात्र 7 छात्र उपस्थित पाये गये। संस्था प्रमुख को कड़ी चेतावनी देते हुये प्रत्येक बच्चो के अभिभावको से फोन पर संपर्क करने व रजिस्टर संधारित करने का आदेश दिया है। शाप्रावि चन्द्रशेखर आजाद नगर कनई में 12 बजे दोपहर निरीक्षणके दौरान संस्था संचालित पाई गई। छात्र उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। वहीं निरीक्षण के दौरान शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों में जवाब मांगा है।

टेबल पर पैर रखकर मोबाइल चलाते मिले मास्टर जी

शा. हाई स्कूल गोदवाली के निरीक्षण के दौरान शिवेन्द्र बहादुर सिंह, मा.शि. हस्ताक्षर कर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये। राम सुरेश पनिका, माशि बच्चों की टेबल पर पैर रखकर मोबाइल चलाते हुये साथ ही मायावती पनाड़िया भी मोबाइल चलाती पाई गई। शापूमावि गोदवाली में 12:18 पर निरीक्षण के दौरान संस्था में कार्यरत समस्त शिक्षक-शिक्षकाएं एवं कमरे में बैठकर गप्प करते पाये गये। विद्या बैस, प्रा.शि. हस्ताक्षर कर संस्था से अनुपस्थित पाई गई। विद्यालय में कुल 270 छात्र दर्ज है, परंतु एक भी छात्र उपस्थित नहीं पाये गये। शापूमावि महदेइया में 12:30 पर विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था संचालित पाई गई। मंजूलता चौकसे सहायक अध्यापक लम्बे समय से अनुपस्थित पाई गई।